हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 16.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4 खेत में यूरिया और दवाएं आसानी से छिड़कवा सकेंगे जिले के किसान



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क: ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

## जशपुर में सौरभ सागर महाराज द्वार का करेंगे लोकार्पण

# मुख्यमंत्री साय कल जशपुर जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 28 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे और जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ से हेलीकाप्टर द्वारा पूर्वान्ह 11.10 बजे प्रस्थान कर दोपहर 11.40 ग्राम सोगड़ा जिला जशपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला मुख्यालय जशपुर में दोपहर 12.30 बजे जैन मंदिर के पास सौरभ सागर



महाराज द्वार का लोकार्पण करेंगे एवं 12.40 बजे कल्याण आश्रम प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री 02.10 बजे स्व. दिलीप सिंह जूदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, 2.30 से 4.00 बजे तक रंजीता स्टेडिय में जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह में शामिल होगें तथा रंजीता स्टेडिय में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे बालाजी मंदिर तथा 4.30 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड जशपुर से ग्राम बगिया के लिए करेंगे प्रस्थान।

## मुख्यमंत्री के आगमन को बेमिसाल बनाने जिला भाजपा संगठन जुटा



छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री बनने के बाद पहली बार विष्णुदेव साय गृह जिले में पधार रहे हैं। 28 दिसंबर को उनके आगमन को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल है। इस प्रवास के दौरान श्री साय अपने निवास बगिया भी जाएंगे। जहां की सुरक्षा काफी सख्त होगी। मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने आईजी अंकित गर्ग, एसपी डी रविशंकर, एसएसपी उमेश कश्यप सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी बगिया पहुंचे। उन्होंने वहां सुरक्षा तैयारियों को देखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। इसके अलावा सीएम श्री साय के पहले आगमन को भव्य रूप देने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सालिक साय, सुनील अग्रवाल सहित कई भाजपा पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए हैं और तैयारियों और व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं।

## कर्त्तव्य निर्वहन के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमी 28 दिसम्बर 2023 को जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में आगमन कार्यक्रम की तैयारी एवं कार्यक्रम के कर्त्तव्य निर्वहन हेतु कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके तहत सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर आरपी चौहान होंगे। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा को आमंत्रण पत्र छपाई, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय को हेलीपेड, कार्यक्रम स्थल एवं अन्य स्थलों पर बांस, बल्ली एवं रस्सी की उपलब्धता, कार्यपालन अभियंता लोनि विभाग वीरेन्द्र कुमार चौधरी को हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं पण्डाल निर्माण, बेरिकेडिंग एवं फ्लैक्स की व्यवस्था, रेस्ट हाउस में माननीय अतिथियों के लिए भोजन, टेंट एवं आवश्यक व्यवस्था, मंच पर गणमान्य अतिथियों के जलपान की व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी वियां. अजय भगत को कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, माइक, साउण्ड सिस्टम व्यवस्था, लोकार्पण हेतु ऑटोमेटिक रिमोट व्यवस्था, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकार नरेन्द्र सिन्हा को कल्याण आश्रम में समस्त आवश्यक व्यवस्था, मंज सज्जा, कविता पाठ, दीप प्रज्जवलन की व्यवस्था, प्रमाण पत्र की व्यवस्था, संयुक्त कलेक्टर आरपी आचला को पहचान पत्र जारी करना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रंजीत टोप्पो को एम्बुलेंस व्यवस्था, औषधि व्यवस्था, लिब्री टेस्ट, जिला सेनानी नगर सेना विपिन किशोर लकड़ा को हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर फायर ⏭ शेष पेज 4 पर

## सभी आवश्यक तैयारियां दुरुस्त रखने निर्देश दिए



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगामी 28 दिसंबर को दौरा कार्यक्रम के तैयारी के संबंध में विभागवार सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यों के समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को मुख्यमंत्री के आगमन दौरा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आमंत्रण पत्र की छपाई, हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं पंडाल निर्माण, बैरिकेडिंग एवं फ्लेक्स की व्यवस्था, भोजन, टेंट एवं आवश्यक व्यवस्था मंच पर गणमान्य अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, माइक, साउंड सिस्टम, लोकार्पण हेतु ऑटोमेटिक रिमोट व्यवस्था, मंच सज्जा, पहचान पत्र जारी करना, एंबुलेंस व्यवस्था, औषधि व्यवस्था, हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, लोकार्पण एवं भूमि पूजन हेतु ⏭ शेष पेज 4 पर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# गांव-गांव पहुंच रही केन्द्र सरकार की योजनाएं




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है। मंगवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची।

जिसमें जनपद पंचायत मनोरा के ग्राम चडिया, टेम्पु, जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम बेड़ेकोना, ईचोली, जनपद पंचायत कुनकुरी के बासुदेवपुर, पतराटोली सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है।

■ ग्राम पंचायत चडिया, टेम्पु सहित अन्य पंचायतों में शिविर

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्थानों पर मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं से संबंधित पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। साथ ही लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम भी हो रहे हैं।

## भाजपा ग्रामीण मण्डल की संकल्प यात्रा




भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल ने संकल्प यात्रा विकसित भारत मोदी सरकार की गारंटी का ग्राम पंचायत तिलडेगा में कार्यक्रम किया जिसमें भारतिय जनता पार्टी के ग्रामीण मण्डल प्रभारी हरजित सिंह भांटीया सहित ग्रामीण मण्डल भाजपा के अनेक कार्यकर्ता सहित ग्राम तिलडेगा के ग्राम वासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### जिला कांग्रेस नागपुर रैली की तैयारी में लगी

**जशपुरनगर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पदाधिकारियों ने बताया 28 दिसंबर को इंडियन नेशनल कांग्रेस ने कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस पर नागपुर महाराष्ट्र में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर हम रैली करने जा रही है। रैली का मुख्य उद्देश्य देश में परिवर्तन का शंखनाद करना है। जशपुर के ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए लोगों को उत्साहित करने को कहा गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि जशपुर जिले से आठ से दस हजार लोगों के नागपुर जाने की उम्मीद है।

### जनहानि मामले में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत सन्ना तहसील के ग्राम हर्राडीपा निवासी स्व.गुजंन राम का आकाशीय बिजली गाज से 26 जून 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी दीनो हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार सन्ना तहसील के ग्राम छिछली (र) निवासी स्व. सतीश का आकाशीय बिजली गाज से 29 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के निकटतम वैध वारिस रामनाथ रामे हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### हाइवा से टकराकर मिनी ट्रक के हेल्पर की मौत

**जांजगीर-चांपा।** हथनेवरा चौक के पास एनएच 49 में सड़क हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार 25 दिसंबर को सड़क किनारे खड़ी हाइवा के डाला से मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर जा टकराई। हादसे में मिनी ट्रक के हेल्पर की मौके पर मौत हो गई है। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मिनी ट्रक सीजी 10 एडी 1395 चालक भरत लाल साहू अपने सहयोगी साथी अश्वनी कुमार कुशवाहा के साथ बिलासपुर से कैरेट में टमाटर लेकर सक्ती जिला जा रहा था। वहीं एनएच 49 हाथनेवरा चौक के पास हाइवा वाहन सड़क किनारे खड़ी हुई थी। मिनी ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए हाइवा को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। मिनी ट्रक में हेल्पर अश्वनी कुमार कुशवाहा को गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# कलेक्टर ने ली जनपद सीईओ की बैठक

### केंद्र एवं राज्य शासन के कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जिले के जनपद सीईओ की बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने कहा। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गतिविधियां आयोजित करें। प्राथमिकता आधार पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम विश्वकर्म योजना, अटल चौक रंग रोगन के कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में तिथि वार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हितग्राहियों को मोटिवेट करें और समस्याओं का निराकरण कर योजनाओं का लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्म योजना के तहत कारीगरों को 18 प्रकार की सुविधा दी जा रही है। हितग्राहियों से आवेदन लेना प्रारंभ करें और योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने अटल चौक में चल रहे रंग रोगन एवं लेखन कार्य की जानकारी ली तथा रंग रोगन कर लेखन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास के तहत बन रहे आवास निर्माण कार्यों की पंचायत द्वारा जानकारी ली और घर-घर जाकर चल रहे कार्यों की जानकारी लेने कहा तथा कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है वहां शीघ्र प्रारंभ करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, सिकल सेल एनीमिया जांच, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए पंचायत में बेहतर मोबिलाइजेशन करने की बात कही। जिससे सिकल सेल एनीमिया की जांच हो सके।

## शिल्पकारों की सहायता के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के रूप में केंद्रीय योजना संचालित की जा रही है। 16 अगस्त 2023 को कैबिनेट में लिए गए फैसला अनुसार पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत 13000 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। जिसमें 18 पारंपरिक व्यवसाय शामिल है। शिल्पकार और कारीगरों को प्रमाणपत्र और आईडीकार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पहले चरण में 1 लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाएगा। योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण, टूलकिट लाभ, डिजिटल लेनदेन के लिए इंसेंटिव और मार्केटिंग सपोर्ट मिलेगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारपेंट, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तीकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले को लाभ मिलेगा।

■ शिल्पकार और कारीगरों को मिलेगी प्रमाणपत्र व आईडीकार्ड के जरिए पहचान

# फरसाबहार में मनाई गई वाजपेयी की जयंती



**फरसाबहार।** जशपुर जिले के नागलोक विकासखंड मुख्यालय फरसाबहार के अटल चौक में छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाई गई।

श्री वाजपेयी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलित कर अटल सुशासन दिवस पर उपस्थित लोगों ने सुशासन की शपथ ली।इस अवसर पर एस डी एम प्रदीप राठिया, सीईओ जनपद पंचायत धनेश टेंगवार, आरईएस एस डी ओ सिद्दिकी, फरसाबहार सरपंच अरुण खलखो, दुर्योधन पटेल, देवकुमार पैंकरा, बीडीसी कमला पटेल, पत्रकार विनोद शर्मा, करारोपण अधिकारी सोहन साय, लालजीत साय, पीओ मनरेगा आत्मा राम भगत सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन वसूले गए साढे 18 हजार

**जांजगीर-चांपा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर अधिनियम के तहत जिले में कुल 59 वाहन चालको पर कार्यवाही की गई। वाहन चालकों से 18 हजार 5 सौ का समन शुल्क किया गया। बलौदा में 4 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1200 का समन शुल्क, थाना मुलमुला में 15 वाहन चालकों से 4500 का समन शुल्क, थाना शिवरीनारायण में 1 चालक से 900 का समन शुल्क, थाना सारागांव में 2 चालकों से 800 एवम यातायात पुलिस द्वारा 37 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11 हजार 1 सौ का समन शुल्क लिया गया है।

# नाचते-गाते घर-घर जा कर दे रहे खुश परव की बधाई




**फरसाबहार।** जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के क्रस्ति समाज के लोग प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर खुश परव मना रहे है।

समाज के लोग एकत्र होकर पारंपरिक वाद्य यन्त्र मंदार, डोल की थाप पर नाचते गाते समाज अंतर्गत लोगों के घर घर जा कर प्रभु ईसा मसीह के जन्म का संदेश, एकता, भाईचारे एवं शांति का संदेश दे रहे है। समाज के सदस्य चंदन खेस्स ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह का पवित्र संदेश है कि समाज के लोग बुराई से दूर रहे, आपसी एवं भाईचारे के साथ रहे। समाज, गांव राज्य एवं देश मे शांति का वातावरण हो। देश का चहुमुखी विकास हो। समाज के सदस्य आलोक खेस्स ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह ने समाज के लोगो को सीख दी है कि बुराई से दूर, प्रेम प्यार से मिल जुल कर रहे। इस अवसर पर समाज की महिला, पुरुष एवं बच्चे सभी मिल जुल कर नाचते गाते घर घर जा कर प्रभु का संदेश दे रहे है।

## एनईएस, बागबहार व पत्थलगांव में मनाया गया वीर बाल दिवस

# धर्म एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए साहबजादे जोरावर व फतेह का बलिदान प्रेरणादायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वीर बाल दिवस मनाया गया। जनवरी 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर उनके चार साहिबजादे खालसा की शहादत को चिन्हित करने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। शासन के निर्देशानुसार शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय में वीर बाल दिवस आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा साहबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात कॉलेज के स्टाफ और रासेयो स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एके श्रीवास्तव ने वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए इसके ⏭ शेष पेज 4 पर

### शास.नवीन महाविद्यालय बागबहार




**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप शासकीय नवीन महाविद्यालय बागबहार में दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिब जादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बागबहार के सरपंच श्रीमती धनियारो परहा एवं पूर्व सरपंच रवि परहा और नीलकमल एक्का उपस्थित थे। सरपंच श्रीमती धनियारो परहा द्वारा अपने उद्बोधन में बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत पर प्रकाश डाला गया। पूर्व सरपंच रवि परहा द्वारा वीर बालकों के समान साहसपूर्ण जीवन जीने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सीएल सिदार ने वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ⏭ शेष पेज 4 पर

### ठाकुर शोभासिंह महाविद्यालय पत्थलगांव




**पत्थलगांव।** ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय में वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन में किया गया। सममारोह का शुभारंभ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा के ज्ञानी सरदार तिरलोचन सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य बी के राय द्वारा किया गया। कायकर्म में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह भाटिया और समाज के परमजीत सिंह भाटिया हरवंत सिंह भाटिया जसबीर सिंह भाटिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के संचालन में समिंदर कौर भाटिया और गुरु सिंह सभा के ज्ञानी तिरलोचन सिंह के द्वारा वीर बाल दिवस के महत्व को बताया गया। और देश यस्सवी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने जोरावर सिंह और फतेह सिंह की धर्म की रक्षा के लिए शहादत को 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय मूट कोर्ट स्पर्धा पीयूष को मिला प्रथम पुरस्कार

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता में राजीव गांधी पीजी कॉलेज के विधि छात्र पीयूष कुमार त्रिपाठी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज व एसकेटीडी विधि महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी भाषा में प्रदेश के प्रथम राज्य स्तरीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में हत्या के मामलों में दण्डित एवं प्रक्रियात्मक प्रावधान के तहत रतलाम के मृतक रूपचंद की हत्या के आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन एवं बचाव पक्ष की बहस की गई। मूट कोर्ट में केस फाइल एफआईआर पोस्टमार्टम, फॉरेन्सिक रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट रिपोर्ट, हत्या में प्रयुक्त हथियार की जब्ती साक्षियों के कथन सहित अन्य प्रक्रियाओं का भी पालन किया गया। स्पर्धा में 12 विधि महाविद्यालयों की तीन-तीन सदस्यीय टीम शामिल हुई। पीजी कॉलेज विधि विभाग से पीयूष कुमार त्रिपाठी, सतीश तिवारी, वक्ता जबकि पीयूष त्रिपाठी ने प्रकरण के शोधकर्ता के रूप में प्रतिनिधित्व किया। प्रथम राउंड में चयनित होने के उपरांत पीजी कॉलेज की टीम फाइनल राउंड में बचाव मिला। जिसमें पीयूष कुमार त्रिपाठी ने 302,201,34 के आरोपी अभियुक्तों बचाव करते हुए अभियोजन की कमियों को बताया तथा प्रकरण में कई सूक्ष्म बिन्दु रेखांकित किए। प्रस्तुति पर न्यायाधीशों व विधिवेत्ताओं ने श्री त्रिपाठी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया।

### नपा अध्यक्ष ने प्रोटोकॉल की अवहेना करने का लगाया आरोप

**अम्बिकापुर।** नपा प्रेमनगर के अध्यक्ष सुखमनिया जगत एवं उपाध्यक्ष आलोक साहू ने सुशासन दिवस समारोह में प्रशासन पर प्रोटोकॉल की अवहेलना कर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने का आरोप लगाया है। नपं अध्यक्ष सुखमनिया जगत व उपाध्यक्ष श्री साहू ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी क बताया कि क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में नगर के दुर्गाबाड़ी में आयोजित सुशासन दिवस समारोह में अधिकारियों ने नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों को आमंत्रित करने की जरूरत नहीं समझी। शासकीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल की अवहेलना कर केवल भाजपा के पदाधिकारियों को शामिल किया गया। समारोह में सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं को बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### सलका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया सुशासन दिवस

**सलका अघिना।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल शर्मा द्वारा अटल की कविता का गायन कर उनकी यादों को ताजा किया। इस दौरान उमेश अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, मोक्ष नारायण गुप्ता,जगरेलाल यादव, फिरोज खान, ज्ञान प्रकाश दुबे, आशीष गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, साकेत अग्रवाल, गणेश सिंह, राजेश गुप्ता अन्य उपस्थित थे। सलका के अटल चौक में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया।

### जिपं सदस्य ने कैबिनेट मंत्री को सड़क मरम्मत के लिए सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** जिपं सदस्य श्रीमती प्रभात बेला मरकाम ने प्रदेश ने कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मनेन्द्रगढ़ में मुलाकात की। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती मरकाम ने एनएच 343 की जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौपने के साथ ही बताया कि एनएच 343 की जर्जर सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और सड़क पर आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों का भी आवागमन होता है लेकिन अब तक सड़क मरम्मत की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। अंबिकापुर से लेकर पस्ता तक सड़क की हालत सर्वाधिक खराब है और लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## पूरी रात मचाता रहा उत्पात, गन्ना सहित रबी फसलों को किया तबाह

# 27 हाथियों का दल पहुंचा सेमरडीह जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

27 सदस्यीय हाथियों के सेमरडीह जंगल में दाखिल होने से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। बीती रात हाथियों ग्राम उदारी, बरकिला एवं सेमराडीह में जमकर उत्पात मचाया तथा 10 एकड़ में लगी गन्ना, मटर एवं आलू की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों के ग्राम डुमकी, पडौली, चंगोरी, सखोली जमीरा के रास्ते जशपुर के बगीचा की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है।

**खास बात**

- पीछे चल रहे दंतैल ने घर में की तोड़फोड़

एक पखवाड़े तक राजपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी तबाही मचाने के उपरांत 27 हाथियों का दल सुबह 5 बजे सीमावर्ती चंगोरी जंगल में दाखिल हुआ। राजपुर रेंज के वन अधिकारियों द्वारा हाथियों के गतिविधियों की पल-पल की जानकारी उपलब्ध कराने के कारण वन अमला पूर्व से सतर्क था तथा सीमा पर मौजूद रहकर ग्रामीणों को हाथियों के पहुंचने की सूचना दे रहा था। लंबी यात्रा के बाद शाम ढलने पर हाथी जंगल से बाहर निकले तथा गन्ना, आलू व मटर की फसल को तबाह करने लगे। इस दौरान वन अमले की मौजूदगी के बावजूद ग्रामीण एकत्र होकर पटाखे फोड़ हाथियों का रास्ता बाधित करने लगे। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने से परेशान हाथियों ने बस्ती का रुख किया तो वन अमले ने काफी मशक्कत के बाद गजराज वाहन की मदद से हाथियों को रोका। इस दौरान हाथियों का दल ग्राम दुपकी, पड़ौली, चंगोरी, सखौली के रास्ते फसलों को रौंदते हुए भोर में सेमरडीह पहुंचा। मार्ग में हर जगह ग्रामीणों ने हाथियों का रास्ता बाधित करने की कोशिश की। वन अमले द्वारा हाथियों के बस्ती में पहुंच कर तोड़फोड़ मचाने की समझाइश पर ग्रामीणों ने पटाखा फोड़ना बंद किया तो हाथी आगे बढ़े। इस दौरान हाथियों ने लगातार आबादी क्षेत्र में घुसने की भी कोशिश की। डिप्टी रेंजर शिव शंकर तिवारी के नेतृत्व में परिसर रक्षक मनीष सिंह, प्रियंका पैकर सहित अन्य कर्मचारियों के साथ पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क करते रहे। भोर में हाथियों का दल सेमरडीह जंगल में दाखिल हुआ तो वन कर्मियों ने राहत की सांस ली।


ग्रामीणों के साथ वनकर्मी।

**जशपुर जाने की संभावना**

वन अधिकारी हाथियों के जशपुर स्थित बादल खोल अभ्यारण की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वन अधिकारियों के अनुसार हाथियों का दल वन परिक्षेत्र धौरपुर के रास्ते अपने परंपरागत मार्ग से आवागमन करता है। वन अधिकारी हाथियों के बकीला, खालपोड़ी, असकला के रास्ते बगीचा होते हुए बादल खोल अभ्यारण जाने की संभावना व्यक्त कर रहे है। दल में 27 हाथियों के अतिरिक्त एक साल से तीन साल के पांच शावक भी शामिल है जिसके कारण हाथी काफी धीमी गति से आगे बढ़ रहे है।

**दंतैल ने ढहाया मकान**

दल का एक दंतैल हाथियों के पीछे-पीछे चल रहा है तथा देर शाम तक उसके दल में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत बाटीडांड जंगल से हाथियों के एनएच पार करने के दौरान दंतैल अलग हो गया था तथा उसने दूसरे दिन एनएच को पार किया था। बीती रात अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल ने बीती रात ग्राम बाटीडांड में गन्ना की फसल से अपनी भुख मिटाने के बाद बस्ती किनारे एक घर में तोड़फोड़ मचाया और घर में रखे अनाज को चट कर गया। इस दौरान परिवार के सदस्य ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि अकेले चल रहे दंतैल को धान काफी पंसद है तथा व धान का तलाश में घरों में तोड़फोड़ मचाता है। हाथियों ने राजनाथ आ. अघन साय, मुन्ना कुजूर, लक्ष्मण, वीरेन्द्र केरकेट्टा, नंदा केरकेट्टरा की 10 एकड़ में लगी गन्ना, मटर व आलू की फसल तबाह की है तथा ग्राम डुमकी खुटीपारा में सिंचाई पाइप को तोड़ दिया है। हाथी ग्राम सखौली स्थित खलिहान में रखे धान को चट कर गए है।



## मंत्री लक्ष्मी व विधायक भूलन मरावी का किया भव्य स्वागत

**सूरजपुर।** भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मंत्री बनने के बाद जिला मुख्यालय में प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया। गौरतलब है की छत्तीसगढ़ सरकार में एकमात्र महिला मंत्री भटगांव विधानसभा से विधायक चुनी गई लक्ष्मी राजवाड़े को बनाया गया है जो शपथ लेने के बाद शनिवार को गृहग्राम पहुंची हैं। इस दौरान प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के तारा, प्रेम नगर, गणेशपुर, छिदिंया, रामानुजनगर, देव नगर, कलुआ, चंद्रपुर के पश्चात जिला मुख्यालय में जगह-जगह स्वागत किया गया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद के साथ चुना है मैं उनकी उम्मीदों पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में प्रदेश का तेजी से विकास होगा, मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। अग्रसेन चौक में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह मरावी को लड्डूओं व फल से तौला गया। मंत्री के स्वागत में भाजपा, भाजयुमो के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान राजेश अग्रवाल महलवाला, मुरली मनोहर सोनी, थलेश्वर साहू, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, जयप्रकाश उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी,आनंद सोनी, अरविंद मिश्रा, अजय सिंह, सुरेंद्र देवांगन,संस्कार अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छिंदियाडांड समेत तीन मोहल्लों के ग्रामीणों को मिलेगी सड़क की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब इस समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। चुनाव के दौरान मतदान के बहिष्कार की चेतावनी के बाद प्रशासन द्वारा स्वीकृत की गई राशि से सड़क व पुलिया निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क व पुलिया निर्माण का कार्य स्वीकृत होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धंधापुर के मोहल्ला छिंदियाडांड, लोधीडांड व उरमाडांड के ग्रामीण वर्षों से सड़क व पुलिया की समस्या से जूझ रहे थे। सड़क नहीं होने के कारण तीनों मोहल्ला के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए पैदल पांच किमी का सफर करना पड़ता था इसके साथ ही ग्रामीणों के बीमार पड़ने पर उन्हें आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती थी। लगातार सड़क व पुलिया की मांग करके थक चुके ग्रामीणों ने इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी थी जिसके बाद कलेक्टर आर एक्का व जिपं सीईओ रैना जमील द्वारा यहां रोजगार गारंटी के तहत 20 लाख रुपए सड़क व पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। प्रशासन द्वारा दी गई स्वीकृति के तहत अब गांव में सड़क का कार्य शुरू हो गया है। गांव रति राम, मानसिंह, गंगा प्रसाद व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के सरपंच, उप सरपंच ने इस सड़क के निर्माण के लिये प्रयास किया तब जाकर सड़क बन रही है। सड़क बन जाने से खेती किसानी के लिए खेत तक जाने में हमें सहूलियत होगी। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले में रोजगार गारंटी के तहत सड़क का निर्माण सिर्फ धंधापुर में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक उद्देश्वरी पैकरा से मांग की है कि वे इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल कराएं ताकि उनके गांव का विकास हो सके।

- रोजगार गारंटी के तहत शुरू कराया गया 20 लाख से सड़क व पुलिया का निर्माण



### विजय नगर बाकी नदी किनारे भव्य रूप से हुआ कराह पूजा

**रामानुजगंज।** विजयनगर गांव में आज बाकी नदी के किनारे कराह पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में यादव समाज के वरिष्ठ सहित आसपास क्षेत्रों के ग्रामीण बड़ी संख्या में कराह पूजा देखने पहुंचे। कराह पूजा में खौलते हुए गर्म दूध से स्नान किया गया जिसे देख मौके पर मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। ऐसी मान्यता है कि कराह पूजा से प्रकृति और पर्यावरण शुद्ध हो जाती है। साथ ही किसी प्रकार की आपदा विपदा भी टल जाती है। गोविन्द भगत यादव ने खौलते हुए दूध से स्नान किया।

## गायत्री खदान में दूसरी सीएम मशीन स्थापना का कार्य हुआ प्रारम्भ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री भूमिगत खदान में साल के अंत तक दूसरी सीएम मशीन स्थापना का काम पूरा हो जाएगा। कम्पनी द्वारा जर्मनी से करीब 86 करोड़ रुपये की लागत से मंगाई गई सीएम मशीन के खदान में स्थापित करने का कार्य क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी की उपस्थिति में सोमवार से आरंभ हुआ।जीएम ने हरी झंडी दिखाकर खदान के सरफेस से खदान के भीतर मशीनों को मार्च करा शिफ्टिंग शुरू कराई।आरजीके सब एरिया के सहक्षेत्र प्रबंधक उग्रनाथ झा ने बताया कि इसी साल के आरंभ में पहली सीएम मशीन को खदान में शिफ्ट कराते हुए उत्पादन शुरू कराया गया था, उक्त खदान में अब दूसरी कम हाइट की आधुनिक सीएम मशीन के स्थापना का कार्य शुरू किया गया है ,इस मशीन से नए वर्ष के प्रथम सप्ताह से कोयला उत्पादन आरंभ हो जाने की पूरी संभावना है।गौरतलब है कि यहां तेजी से कोयला उत्पादन के लिए कलकत्ता की निजी कोयला खनन कंपनी गेनवेल से एस ई सी एल कोल कम्पनी ने डेढ़ दशक के लिए अनुबंध किया है।वर्तमान में उक्त खदान में एस ई सी एल के साढ़े चार सौ से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।वर्ष भर पूर्व यहां सीएम मशीन लग जाने से चार से पांच गुना रोजाना का कोयला उत्पादन बढ़ गया है ।वर्तमान में इस खदान से दो हजार टन रोजाना कोयला उत्पादन हो रहा है, अब दूसरी सीएम मशीन लग जाने के बाद यहां का उत्पादन तीन हजार टन रोजाना होने की उम्मीद है।बताया गया कि पूर्व में इस खदान से तीन लाख टन प्रति वर्ष कोयला उत्पादन होता था, अब नए पर्यावरण स्वीकृति मिल जाने के बाद प्रति वर्ष आठ लाख अस्सी हजार टन कोयला उत्पादन किया जा सकेगा।

**आधुनिक उत्खनन मशीन सिस्टम है सीएम**

बता दें कि नई व आधुनिक युग में तेजी से कोयला खनन के लिए कंटीन्यूअर माइनर मशीन पूरी तरह सुरक्षित व बिना ब्लास्टिंग कोयला उत्पादन के लिए सहायक है।देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ति करने के लिए भू गर्भ सतह के भीतर तेजी से कोयले का उत्पादन वर्तमान में इन्हीं आधुनिक मशीनों के जरिए किया जा रहा है।गायत्री खदान में प्रथम चरण में निजी कंपनी द्वारा सौ करोड़ रुपये की लागत की सीएम मशीन वर्ष के आरंभ में लगाई गई थी, अब ये कम हाइट की दूसरी मशीन खदान के भीतर स्थापित की जा रही है।

## विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्षोल्लास से मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

**सूरजपुर।** प्रभु यीशु के जन्म का महापर्व क्रिसमस जिले में मसीही समुदाय द्वारा परंपरागत ढंग से विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समाज जिले के चर्च व गिरजाघरों में देर रात तक उल्लास में डूबे रहे। जिले के कालीपुर स्थित बेतेल चर्च में पास्टर रवि देवांगन के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। चर्च में पास्टर रवि देवांगन में समाज को संदेश देते हुए कहा कि बालक यीशु का जन्म गौशाला में हुआ था। उन्होंने कहा कि जाति व धर्म तथा संस्कृति को लेकर कोई भेदभाव न हो और लोगों में आपसी समानता व भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रेम और सेवा भाव के लिए प्रभु यीशु मसीह के संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मसीही समाज के महिला, पुरुष, युवक-युवतियां बच्चे भक्ति गीतों पर झूमते रहे। रात्रि 10 बजे से ही समाज का विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया था। रात के 12 बजे घंटा ध्वनि व आतिशबाजी के साथ प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मसीही समाज के द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।



### मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में क्रिसमस फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया

नगर में संचालित एसएमपी एजुकेशन चैरिटेबल मैनेजमेंट सोसायटी द्वारा संचालित मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में बीते शुक्रवार को क्रिसमस डे सेलिब्रेशन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिसमस डे सेलिब्रेशन के दौरान विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा चरनी बनाया गया तथा बच्चों द्वारा क्रिसमस ट्री एवं चरनी को स्टार, कैंडल, घंटी द्वारा सुंदर सजाया गया। बच्चे भी सांता क्लॉस एवं एंजल्स ,जेंटलमैन की ड्रेस में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन में आए एवं अपना सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शाला प्रभारी श्रीमती किरण अरोरा ने ईसा मसीह के जन्म व क्रिसमस के महोत्सव के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंहा व लक्ष्य आनंद के अलावा श्रीमती किरण अरोरा, श्रीमती पूर्णिमा राजवाड़े, नेहा सोनवानी, सोनामती केवट, दीप्ति टांडी, सावित्री सोनवानी, साक्षी ठाकुर, फरहीन, मनोज कुमार साहू, संजय सिंह अरोरा सहित अन्य उपस्थित थे।



### अचीवर्स इंटरनेशन स्कूल में मना क्रिसमस उत्सव

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशल स्कूल में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर में प्रभु ईसा मसीह के जन्म का दृश्य, क्रिसमस स्टार एवं क्रिसमस ट्री की झांकी सजवाई तथा केक काटकर जन्म दिवस मनाया। अमनदीप, लक्की मित्तल एवं साथियों ने प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी। तीसरी एवं छठवीं की छात्राओं ने रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं छोटे बच्चों, सांता क्लाज की वेषभूषा में टॉफी बांटी। प्रभु ईसा मसीह ने हमें आपस में प्रेम से रहने, कभी किसी का दिल नहीं दुखाने, जरूरतमंदों का सहयोग करने, किसी भी जीव की हत्या नहीं करने एवं अहिंसा का पालन करने का संदेश दिया है। हम संकल्प लें कि ईसा मसीह के दिखाए मार्गो का अअनुसरण करेंगे, प्राचार्य अशोक तिवारी ने प्रभु ईसा मसीह द्वारा दिखाए मार्ग एवं सभी जीवों के प्रति सम्मान करने का संदेश दिया।



### न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**रामानुजगंज।** नगर के न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डीएस मरावी कमांडेंट 12 वीं बटालियन एवं विशिष्ट अतिथि लोकेश्वर शांडिल्य डीएसपी उपस्थित थे। स्कूली बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें कि बच्चों पर पढ़ाई का प्रेशर, महिलाओं पर हिंसा, मणिपुर हिंसा में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार, गुरु और शिष्य पर बने थीम डांस की काफी सराहना किया। स्कूली बच्चों द्वारा 35 गानों पर प्रस्तुति दिया जो कि एक से बढ़कर एक था। कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के लगभग 500 बच्चों ने प्रस्तुति दिया। मुख्य अतिथि बी एस मरावी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि यहां इतने छोटी-सी जगह में बच्चों द्वारा इतनी शानदार प्रस्तुती दी जाएगी। अंत में स्कूल के व्यवस्थापक राकेश कुमार गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस दौरान श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती अंजना रवानी, श्रीमती आरती बाजपेई, प्रतिभा, असीमा, गरिमा सोनी, मैगडलिना, अनिल कुमार, राजु कुमार, सतीश प्रसाद सिन्हा, भास्कर, रंजीत प्रजापति, उमेश कुशवाहा, एजाज, तमाल, अजय, सोनाम तमंग, इम्तियाज सहित अन्य उपस्थित थे।



## कुमदा पुलिया के पास दो बाइक में भिड़ंत, महिला गंभीर

**बिश्रामपुर।** कुमदा बिश्रामपुर मार्ग पर सोमवार की शाम दो मोटरसाइकिल में आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार विवाहिता को गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार कुमदा कालोनी निवासी 35 वर्षीय संजीत सोनी पिता रामनाथ सोनी सोमवार की शाम अपनी पत्नी 30 वर्षीय शोभा सोनी के साथ बाइक में जा रहा था। इस दौरान कुमदा में पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार विवाहिता शोभा सोनी को गंभीर चोट आई है। मार्ग से गुजर रहे एक वाहन चालक ने मानवता का परिचय देते हुए विवाहिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार पश्चात विवाहिता को बेहतर उपचार हेतु अंबिकापुर रिफर कर दिया है।

# देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी का विशेष योगदान : मरावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम पटना अटल चौक में नव निर्वाचित विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती व सुशासन दिवस मनाया गया। विधायक श्री मराबी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का देश के विकास में विशेष योगदान रहा है। आज गांव-गांव में काली सड़क दिख रही है वह अटल बिहारी वाजपेयी का देन है। अटल बिहारी वाजपेयी ने ही अविभाजित मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ प्रदेश बनाया। शायद अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री नहीं रहते तो छत्तीसगढ़ प्रदेश नहीं बनता। सभी गांव में अटल चौक बना हुआ है वह आज भाजपा के सरकार बनते ही रंग रोगन होकर चमचमा रही है। हमें अटल चौक को सहेज कर रखना है और हम अटल बिहारी वाजपेयी बताये हुए मार्ग चल रहे हैं। सुशासन दिवस पर विधायक श्री मराबी द्वारा सभी लोगों को प्रदेश में सुशासन व्यवस्था बनाने के लिए शपथ दिलाया गया। इस दौरान रामकरन साहू, हरिनारायण साहू, विमला सिंह मराबी, दरोगा सिंह, मानिक चंद सिंह, प्राणपति सिंह, संत कुमार साहू, मदन सारथी,जगदीश सिंह, पिंटू मरावी, मिथिलेश्वर सिंह मरावी, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।







### जनप्रतिनिधियों को दिलाई गई सुशासन की शपथ

**लखनपुर।** क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में नगर पंचायत द्वारा सोमवार को सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधायक बनने के बाद पहली बार नपं कार्यालय पहुंचे विधायक श्री अग्रवाल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष सावित्री साहू ने उपस्थित जनप्रतिनिधयों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की राजनीतिक यात्रा एवं देश के प्रति किए गए उनके कार्यों की जानकारी दी। नपं अध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। नपं सीएमओ जितेन्द्र पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, पार्षद बृजकिशोर पाण्डेय, अमित बारी, चन्द्रभान सिंह, दिनेश बारी, सचिन अग्रवाल सहित नपं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अमेरा समिति में मनाया गया सुशासन दिवस

**लहपटरा।** सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर क्षेत्र में सुशासन दिवस मनाया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर अमेरा समिति में किसानों को वर्ष 2014-15 व वर्ष 2015-16 के बकाया बोनस राशि का वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सुरेश साहू, यतेंद्र पांडेय, गोपाल, विष्णु राजवाड़े, अजय राजवाड़े, जगदीश गुप्ता, रामधन बिहार, सरपंच पारस एवं भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### गांव-गांव में मनाया गया सुशासन दिवस

**बिहारपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैश्य ने बताया कि पोखरण परमाणु परीक्षण बाजपेयी जी की बड़ी उपलब्धि है। उन्हें जनजातीय मामलों, उत्तर-पूर्व क्षेत्र विभाग और सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सामाजिक न्याय मंत्रालय में परिवर्तित करने के लिए नए विभागों के निर्माझा का श्रेय दिया जाता है। उनके कार्यकाल में भारत की जीडीपी ग्रोथ की बढ़ोत्तरी 8 फसदी तक हुई, महंगाई 4 फीसदी से कम और विदेशी मुद्रा भण्डार पूरी तरह भरा रहा। उनका सबसे बड़ी उपलब्धियों में महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाएं हैं।



# यह देश गांधी जी ही नहीं सुभाष चंद्र बोस का भी है

**मुंबई।** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऑपरेशन वैलेंटाइन को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है। फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।

लाइफ Style



# फरहीन

## इस हीरोइन को लोग कहते थे माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड में 90 का दशक बेहद सुनहरा था। इसी दौरान बॉलीवुड को शाहरुख खान, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे सुपरस्टार्स मिले। वहीं कई ऐसे सितारे भी उभरे जो रातोंरात ही दर्शकों के दिलों पर छा गए, लेकिन फिर देखते ही देखते वह कहीं खो भी गए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

**मुंबई।** ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं फरहीन, जो अपनी पहली फिल्म 'जान तेरे नाम' से ही हिट हो गईं, क्योंकि वह माधुरी दीक्षित की तरह नजर आती थीं। उनकी तुलना माधुरी से होने लगी और उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। लेकिन अपने करियर के पीक मोमेंट में फरहीन ने एक दिन एक क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी रचा ली और हमेशा के लिए इस फिल्मी दुनिया को छोड़ गई और अब हैं करोड़ों के बिजनेस की मालकिन। फहरीन को क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से प्यार हो गया, जो पहले से शादीशुदा थे, हालांकि उनकी शादी में परेशानी चल रही थी। फरहीन और मनोज एक जिम में मिले और उनके बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हुआ। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे, साल 2009 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों ने शादी कर ली।इस फिल्म के बाद फरहीन को अक्षय कुमार के साथ फिल्में करने का मौका मिला। फरहीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म नजर के सामने में दिखीं। वहीं फिल्म सैनिक में भी फरहीन और अक्षय कुमार ने स्क्रीन शेयर किया।

साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'जान तेरे नाम' से फरहीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने तो आज तक याद किए जाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# एक्सपैट्स का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** प्राइम वीडियो ने 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसका निर्देशन लुलु वांग ने किया है। यह छह भाग की श्रृंखला है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी को दो एपिसोड के साथ होगा। ट्रेलर रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। एक्सपैट्स श्रृंखला में अभिनेता निकोल किडमैन, सरयू ब्लू, जी-यंग यू, ब्रायन टी. मेडवे और जैक हस्टन शामिल हैं। किडमैन और लुलु वांग श्रृंखला में कार्यकारी निर्माता है।



# अली वोंग ने दी तलाक के लिए अर्जी

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस-कॉमेडियन अली वोंग ने अपने पति जस्टिन हकुता से तलाक के लिए अर्जी दायर की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की पुष्टि होने के लगभग दो साल बाद बेवर्ली हिल्स में आवेदन दायर किया और कड़े मतभेदों का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, वोंग ने अपनी शादी के पहले के एग्रीमेंट को लागू करने के लिए कहा है। दंपति वर्तमान में अपनी संपत्ति और बच्चे को लेकर निर्णय लेने के लिए मध्यस्थता कर रहे हैं। 2014 में शादी के बंधन में बंधे इस कपल की दो बेटियां है। कॉमेडियन ने अपनी बेटियों की ज्वांइट लीगल और फिजिकल कस्टडी का अनुरोध किया। वोंग ने बताया कि वह और पूर्व गुडआरएक्स वीपी अभी भी वास्तव में बहुत करीब हैं और सबसे अच्छे दोस्त भी हैं। उन्होंने आगे बताया था कि हम एक साथ बहुत कुछ कर चुके हैं। यह बहुत ही अपरंपरागत तलाक है। वोंग कई टीवी शो में काम कर रही हैं, जबकि हकुता एक सफल उद्यमी हैं।



# मर्दानी 3 में नजर आएंगी रानी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे।



# झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी दीपिका

**मुंबई।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नए कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप में दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नए अंदाज में थिरकती नजर आएंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी' पीती दिखाई देंगी। बिसलेरी ड्रिंकअप कैंपेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है। दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा कि हमारा नया कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाकर उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा की पाखी ने तीन साल बाद शो छोड़ते वक्त लिखी दिल की बात

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में बड़ी तेजी से नाम कमाने वाले शो अनुपमा से जुड़ी एक खबर है। आखिरकार अनुपमा की एक्ट्रेस मुस्कान बामने ने शो छोड़ दिया। टीवी शो में पाखी का रोल प्ले करने वाली मुस्कान ने तीन साल बाद शो को अलविदा कहा है, इस दौरान वे इमोशनल हो गई हैं। उन्होंने अपने सोशल पेज पर एक लंबा पोस्ट लिखा है।

### हिंदी में लिखा पोस्ट, की सबकी तारीफ

मुस्कान अनुपमा में पहले दिन से ही थीं. बतौर पाखी उन्होंने शो में अच्छी पहचान भी बना ली थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फोटो में अनुपमा की पूरी स्टारकास्ट दिख रही है। शो में उनकी मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली और पिता वनराज भी दिख रहे है।

### आपके आशीर्वाद से मैं मुकाम पर हूं : मुस्कान

मुस्कान ने अपना पोस्ट हिंदी में लिखा है. उन्होंने कहा- जैसे कि एक बीज जमीन की तह से जुड़कर जल वायु और प्रकाश के संरक्षण में रहकर अंकुरित होता है। धीरे धीरे एक दिन बहुउपयोगी विशाल वृक्ष बन जाता है, ठीक कुछ ऐसे ही मेरी भी स्थिति है। आज मैं जो भी हूं, आप सभी के सहयोग आशीर्वाद और प्यार के बदौलत ही इस अच्छे मुकाम पर हूं।

### अनुपमा ने किया है रिप्लाई


शो में मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस पोस्ट पर रिप्लाई किया है। उन्होंने इस्टाग्राम पर ही रिप्लाई में लिखा है- मेरा शानदार परफॉर्म करने वाला बच्चा। तुम्हारे लिए पूरा आकाश खुला है, और उड़ान भरो। तुमने जाने-अनजाने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मेरी अनुपमा के लिए सबसे तेढ़ी स्वीटी बनने के लिए थैंक्यू. गॉड ब्लेस यू ऑलवेज मुस्की। वनराज यानी सुधांशु पांडे ने लिखा है- तुम हमेशा एक ब्लेस्ड चाइल्ड रही।

### क्यों छोड़ा शो?

मुस्कान का कहना है इसी उम्र में वो मां का रोल प्ले नहीं करना चाह रही हैं, इसलिए तीन साल के बाद उन्हें अनुपमा शो छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ये मेरे लिए अब काम नहीं कर रहा था। मेकर्स नया ट्रैक ला रहे थे जहां मुझे मां को रोल प्ले करना पड़ता। वो दिखाना चाहते हैं कि मैं आईवीएफ के जरिए मां बनूंगी। इतनी एज में मैं मां को रोल नहीं प्ले करना चाहती। 24 साल की मुस्कान के मन में शो छोड़ने का कोई गम नहीं है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को रोल करुंगी तो मेरे पास आगे चल कर ऐसे ही रोल आने के चांसेज रहेंगे। इसलिए मैं कुछ और भी ट्राई करना चाहती हूं।

# 'सालार' और 'डंकी' के साथ रिलीज हुई एक्वामैन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

मुंबई। डीसी यूनिवर्स के सुपरहीरो एक्वामैन की दूसरी फिल्म एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम 22 दिसंबर को रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अब तक कुल करीब 9.34 करोड़ के आसपास की कमाई की है। यहां जानते हैं फिल्म ने किस दिन कितनी कमाई की और क्या ये फिल्म 2018 में आए पहले पार्ट की कमाई को छू भी पा रही है या नहीं? एक्वामैन 2 की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो अंग्रेजी वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 120 मिलियन डॉलर की बेहतरीन कमाई कर ली है।




### किस दिन कितनी कमाई की है फिल्म ने?

बॉक्स ऑफिस में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एक्वामैन 2 ने पहले दिन 3 करोड़, दूसरे दिन 1.51 करोड़ और तीसरे दिन 2.26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई 2.57 करोड़ के आसपास रही। इस तरह से फिल्म ने इंडिया में अब तक कुल 9.34 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस किया है। एक्वामैन का पहला पार्ट साल 2018 में आया था। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ कमाए थे। वहीं इसका ओपनिंग वीकेंड 24.25 करोड़ था।

### दो बड़े स्टार्स की फिल्म ने रोकी रफ्तार

एक्वामैन के साथ भारतीय सिनेमा के दो बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज हुई हैं। शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शकों का लंबे समय से था। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में ठीकठाक रिव्यू होने के बावजूद एक्वामैन इन दोनों फिल्मों के बीच में पिसती हुई नजर आ रही है।

## उमंग 2023: इवेंट में लगा सितारों का मेला...




**मुंबई।** शनिवार रात को मुंबई पुलिस एनुअल इवेंट उमंग 2023 में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। बता दें कि इस इवेंट को पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए रखा जाता है। इसमें बॉलीवुड सेलेब्स, बिजनेसमैन, सोशल वर्कर और पॉलिटिकल लीडर शामिल होते हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, तब्बू, दीपिका पादुकोण, पंजाब की कटरीना कैफ शहनाज गिल, आलिया भट्ट, टीवी इंडस्ट्री की 'नागिन' यानी तेजस्वी प्रकाश ने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा।

## एक फिल्म के लिए तो टॉकिज के बाहर चल गई थीं गोलियां

# सिर्फ 30 रुपए लेकर पहुंचा मुंबई, वहीदा संग हिट रही जोड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिल्मी दुनिया को सदाबहार एक्टर जो जब-जब पर्दे पर नजर आता फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं होता था। 1946 में फिल्म 'हम' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले वो एक्टर देवानंद थे जिन्होंने छह दशकों तक इंडस्ट्री पर राज किया। वह एक सिनेमाई आइकॉन बने और हिंदी सिनेमा को कुछ ऐसी फिल्में दीं, जो यादगार बन गईं। 60-70 के दशक का वो सुपरस्टार जिसकी एक झलक पाने के लिए फैंस लंबी लाइन लगाकर इंतजार किया करते थे। अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो सिनेमाघरों से उतरने का नाम ही नहीं लेती थी लेकिन उनकी एक फिल्म ऐसी भी जिसमें टॉकिज के बाहर गोलियां चल गई थीं।



### सिने जगत के हर कॅरियर में यादगार रहे देवानंद

देवानंद ने अपने करियर में एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने लगभग 35 फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें से 18 बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। 13 फिल्मों की तो कहानी भी देवानंद ने खुद ही लिखी थी। अपने करियर में उन्होंने बाजी, टैक्सी ड्राइवर, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, हम दोनों, गाइड और ज्वेल थीफ जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो यादगार बन गई।

### लाहौर से 30 रुपए लेकर दिल्ली पहुंचे

*साल 1943 में अपनी जेब में 30 रुपए लिए लाहौर से बंबई तक का सफर करने वाले इस अभिनेता ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन इंडस्ट्री पर यूं राज करेंगे। उनकी फिल्मों में काम करने का एक्ट्रेसेस का सपना हुआ करता था। वहीदा रहमान संग जिनकी हिट थी जोड़ी वो एक्टर कोई और नहीं देवानंद ही थे।*

### देवानंद के काले कपड़े पहनने पर लगा बैन

*देवानंद का गर्दन झुकाने का गजब अंदाज, काली पैंट शर्ट और गले मफलर लेने वाला स्टाइल भी काफी फेमस हुआ था। उन दिनों सफेद शर्ट पर काला कोट पहनने का स्टाइल ट्रेंड करने लगा था, हालांकि बाद में उनके काले कपड़ने पहनने पर ही बैन लगा दिया गया था। उनकी फीमेल फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी। कितनी ही लड़कियों ने उनके लिए अपनी जान गवां दिया करती थीं।*

### जॉनी मेरा नाम में चली गोलियां, दो की हुई थी मौत



सुपरस्टार देवानंद की फिल्म देखने के लिए धूप में घंटों खड़े होकर टिकट लेने का इंतजार किया करते थे। इनकी फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' की तो लोगों को टिकट मिलना ही मुश्किल हो गया था। अनु कपूर कपूर ने अपने शो में बताया था कि उस वक्त जमशेदपुर के एक सिनेमाघर के बाहर फिल्म के टिकट के लिए गोलियां तक चल गई थीं, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई थी। एक सप्ताह के लिए नटराज टॉकिज को बंद कर दिया गया था।

### पहली कलर फिल्म गाइड रही सक्सेसफुल

1965 में आई फिल्म 'गाइड' में देव आनंद के काम को काफी सराहा गया था। फिल्म में वहीदा रहमान और उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। ये देव साहब की पहली कलर फिल्म थी। ये फिल्म वहीदा रहमान के करियर की बेस्ट फिल्म साबित हुई थी। आर के नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित फिल्म 'द गाइड' उस साल की बड़ी हिट साबित हुई थी।



26- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-4_Layout 1 12/26/2023 8:25 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आयोजित प्रदर्शनी का ओपी ने किया अवलोकन

**रायगढ़।** शिक्षा के जरिए बदलाव लाने के लिए संकल्पित रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी केबिनेट मंत्री की शपथ लेने के बाद पहली बार नालंदा परिसर प्रति योगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे यूवाओ के मध्य पहुंचे। नालंदा परिसर में ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर होने वाले प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। 24 घंटे सातों दिन खुले रहने वाली इस लाइब्रेरी में देर रात पहुंचे केबिनेट मंत्री ओपी के साथ जिला कलेक्टर रायपुर सहित अधिकारियों की टीम ने व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान मंत्री ओपी ने युवाओं से चर्चा करते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया। चर्चा के दौरान मिली समस्याओं और सुझावों से युवाओ को आश्वस्त किया गया कि सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण होगा। केबिनेट मंत्री ओपी ने कहा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें: कलेक्टर

**सारंगढ़।** जिले के नगरीय निकायों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई काम्प्लेक्स सारंगढ़ में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी की पूजा की। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी नागरिकों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जन्मदिन को देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन के अनुरूप सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। वाजपेयी की जीवनी को पढ़कर उनके बताए मार्ग पर चलकर बेहतर नागरिक का कर्त्तव्य निभाएं। अतिथि अजय गोपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी की कृतित्व और किसानों के प्रति प्रेम के बारे में भाषण के माध्यम से जानकारी दिया।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रायगढ़।** रविवार रात हेमू कालानी चौक में बेकाबू बोलेरो ने रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवार युवक को ऐसा ठोका कि उसके एक पैर की हड्डी फ्रैक्चर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चक्रधर नगर पुलिस फरार बोलेरो चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात 10 बजे केलो ब्रिज पार हेमू कालानी चौक में उस वक्त हड़कम्प मच गया। जब जमुना इन किनारे दुकान की तरफ से बेलादुला मार्ग जा रहे बाइक सवार युवक को शहीद चौक की ओर से तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने ठोकर मारते हुए फरार हो गया। इसलिए जख्मी युवक की हालत को देख आसपास के लोगों ने नजदीकी चक्रधर नगर थाने में फोन किया तो गश्त पर निकली पुलिस गाड़ी में प्रधान आरक्षक सुशील यादव और हेमप्रकाश सोन ने घटना स्थल पहुंचते हुए घायल युवक को जिला चिकित्सालय लेकर गई। डॉक्टर्स ने आहत युवक प्रारंभिक जांच शुरु कर एक्सरे कराया तो उसके बाएं पांव की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर, (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**
क्रमांक/ /रीडर- 1/2023
जशपुर, दिनांक 21/12/23
एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम आरा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द प्रसाद शुक्ला पिता बद्रीनाथ शुक्ला निवासी आरा तहसील व जिला जशपुर (छ.ग ) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम आरा स्थित आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा खसरा बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
**आवेदित भूमि का सारिणी**
ग्राम -आरा, प.ह.न. -21 ,ख.नं.- 1693/2, रकबा -0.166 हे., में से / वर्ग. मी.0.166 हे.
आवासीय प्रयोजन
उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक 04.01/2021 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन समय 11.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार / व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा / आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 21/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जशपुर (छत्तीसगढ़)**

## स्व सहायता समूह को मिलेंगे ड्रोन, खेती में महिलाओं को अवसर

# खेत में यूरिया और दवाएं आसानी से छिड़कवा सकेंगे जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्व सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए उनको जिला पंचायत की तरफ से ड्रोन दिए जाएंगे। इससे न केवल महिलाओं को खेती में अवसर मिलेगाए बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। केन्द्र सरकार ने इसके लिए बजट भी जारी कर दिया है। इससे न केवल प्राइवेट मंहगे ड्रोन किराये पर लेने की मजबूरी खत्म होगी तो दूसरी तरफ खेती का समय भी बचेगा और केमिकल की मात्र भी एकसमान रहेगी।

**खास बात**
- आसान होगी राह, दवा का मानक एक सा रहेगा

मालूम हो कि इसी साल केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1,261 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों एसएचजी को ड्रोन प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी। इसके अनुसार इस योजना का लक्ष्य किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है। यह योजना फसल की पैदावार बढ़ाने और लागत कम करने के लिए प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में मदद करेगी।



**दवा का मानक एक समान**

कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक एक मजदूर एक दिन में ढाई एकड़ खेत में कीटनाशक या यूरिया का छिड़काव कर पाता है। इसके लिए उसे 30 से 40 बार पंप भी भरना होता है। ऐसे में उसका मिश्रण का अनुपात भी कभी कभार गड़बड़ा जाता है। लेकिन ड्रोन से ये काम मात्र 20 मिनट में हो जाता है। २ जिले में 1.67 हेक्टेयर खेती का रकबा है। इसमें सबसे ज्यादा 1.42 लाख हेक्टेयर में चावल होता है। इसके बाद गेंहू व अन्य फसल होती है। इसमें ड्रोन से दवा और कीटनाशकों का छिड़काव करने से समय और दवा की गुणवत्ता भी सही रहेगी।

**20 मिनट में ढाई एकड़ खेत में छिड़काव**

जिले और उसके आसपास खेती करने के तौर तरीकों में बदलाव आ रहा है। अब इस बदलाव को स्व सहायता समूहों तक ले जाने की योजना पर काम किया जा रहा है, जिससे उनकी आय तो बढ़ेगी ही, किसान सस्ते में ड्रोन से अपने खेत में कीटनाशक और यूरिया डलवा सकेंगे। अभी ये काम निजी कंपनी के पास है, जो मनमानी दर पर खेतों में यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं।

**किसानों को होगा दोहरा फायदा, बढ़ेगी आमदनी**

खेती में ड्रोन के उपयोग से न केवल स्व सहायता समूहों की आमदनी में बढ़ोतरी होगीए बल्कि बड़ी संख्या में किसान भी लाभान्वित होंगे। खेतों में खाद के छिड़काव में आसानी होगी। जिला प्रशासन का कहना है कि ये प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। इसके बाद समूहों का चयन कर उन्हें ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसका आवश्यकता अनुसार किसान फसलों में रासायन छिड़कने में उपयोग कर सकेंगे।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में वीर बाल दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वीर बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के सभागार में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा थे।

मुख्य अतिथि ने वीर बाल दिवस के संबंध में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने देश के महान सपूतों को नमन करते हुए बताया कि, जो धर्म के लिए मुगलों के सामने नहीं झुके। धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालोंवीर बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के सभागार में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहबजादों की याद में पूरा देश वीर बाल दिवस मना रहा है। देश, संस्कृति के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वालों इन वीर रियल लाईफ नायकों का वर्तमान के बच्चे प्रेरणा लें। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण शर्मा ने भी वीर बाल दिवस के संबंध में विस्तार से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा नृत्य, क्विज कविता प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दिखाई। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक, विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

## बाइक और ट्रक में भिड़ंत, बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत बाइक व ट्रक में जोरदार भिडंत हो गई। ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को धरमजयगढ़ रोड की तरफ से आ रही ट्रक की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल में दो सवार दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देवा राम चौहान उम्र 18 वर्ष और करम सिंह उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी घरघोडा के कसैया डीपा पारा के रहने वाले है। घरघोड़ा थाना प्रभारी शरद चन्द्रा को सूचना मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुँच के स्थिति को नियंत्रित किया। शव का पंचनामा भरकर मर्ग कायम कर करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए घरघोड़ा हॉस्पिटल भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना में खड़ी कर दी है। घरघोड़ा पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है ।



## पूर्व पीएम अटल बिहारी को दी गई श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर शहर के बाइपास स्थित अटल चौक पर जिला भाजपा कार्यालय के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल समेत तमाम भाजपा नेताओं ने अटल बिहारी के राष्ट्र समर्पण को याद करते हुए उन्हें नमन किया तथा देश को अटल का ऋणी बताया। चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे, लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन राजग सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे राजनीति का भीष्मपितामह भी कहा जाता है।

## अवैध शराब बेचते दो महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**रायगढ़।** 24 दिसंबर को जूटमिल पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा ताबड़तोड़ अंदाज में कांशीराम चौक, छातामुड़ा चौंक, सांगीतराई, सारंगढ़ बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर, धरमपुर पर छापेमारी कार्यवाही किया गया।

- सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करते 03 पकड़ाए

इस दौरान जूटमिल पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा सारंगढ़ बस स्टैंड के पास संतोष रात्रे से 18 पाव देशी प्लेन और 05 पाव देशी मसाला शराब, कांशीराम चौक पर दरस वारे से 4 लीटर महुआ शराब, कृष्णा साल्वेंट आयल फैक्ट्री पण्डा पान ठेला के पास, छातामुडा चौक, लक्ष्मीन महंत से 17 पाव देशी प्लेन और ग्राम धरमपुर रोड किनारे श्रीमती केतकी बाई से 08 नग प्लास्टिक पाउच 200 उस वाली महुआ शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। छापेमारी में अवैध शराब बेचने वालों से कुल 16 लीटर महुआ देशी प्लेन शराब कीमती करीब 7,540 रूपए का जब्त किया गया। वहीं जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा छातामुड़ा चौंक पर परमेश्वर साहू उर्फ़ पंडा, सांगीतराई डिपापारा पर दीपक सिदार और कांशीराम चौक पर तुलसी जाटवार को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े जाने पर आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत कार्यवाही किया गया है। जूटमिल पुलिस की आगे भी अवैध शराब और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों पर कार्यवाही जारी रहेगा। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के सहायक उपनिक्षक राजेंद्र पटेल, नरेंद्र सिदार, प्रधान आरक्षक खीरेंद्र जलतारे, वीरेंद्र भगत, रेखा नागरे, महिला आरक्षक समीक्षा दान, आरक्षक जितेंद्र दुबे, सत्या यादव संतोष एक्का और साइबर सेल के आरक्षक नवीन शुक्ला, सुरेश सिदार, विक्रम सिंहए प्रताप बेहरा शामिल थे।



इन पर अवैध शराब बेचते हुई कार्रवाई सारंगढ बस स्टैण्डट्रांस्पोर्ट नगर चौक पर संतोष रात्रे पिता कांशीराम रात्रे उम्र 35 वर्ष निवासी कांशीचुआ थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ, कांशीराम चौक के पास दरस वारे पिता स्व मोहित राम वारे उम्र 40 वर्ष सा काशीराम चौक गांधी नगर थाना जुटमिल जिला रायगढ़, कृष्णा साल्वेंट आयल फैक्ट्री पण्डा पान ठेला के पास, छातामुडा चौक श्रीमती लक्ष्मीन पति स्व. सुखुदास महंत उम्र 40 वर्ष कृष्णा साल्वेंट आयल फैक्ट्री पण्डा पान ठेला के पास, छातामुडा चौक ग्राम धरमपुर सार्वजनिक रोड किनारे श्रीमती केतकी बाई पति स्व. बोधराम चौहान उम्र 58 वर्ष निवसी ग्राम धरमपुर थाना जूटमिल, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़े गये आरोपी परमेश्वर साहू ऊर्फ पण्डा पिता स्व. रामलाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी टुरकुमुडा सहदेवपाली थाना जुटमिल, दीपक सिदार पिता स्व. गुलशन सिदार उम्र 35 वर्ष निवासी सांगीतराई डीपापारा, तुलसी जाटवर पिता फागुलाल जाटवर उम्र 34 वर्ष निवासी, कांशीराम चौक थाना जूटमिल।

## मड़ई महोत्सव में विधायक के हाथों सम्मानित हुए राम नन्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के पर्यावरण प्रेमी राम नन्दन यादव को विगत दिनों नई दिल्ली में भगवान बुद्ध फेलोशिप नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके इस उपलब्धि पर यादव समाज ने 28 वां मड़ई महोत्सव के विशाल आयोजन में मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव और विशिष्ट अतिथि लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार के करकमलों से तथा विशिष्ट अतिथिगण महापौर जानकी काट्जू, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी, संजीव चौहान, हेमंत वर्मा जे एस पी, पार्षद विकास ठेठवार की उपस्थिति में यादव समाज के गौरव के रूप में सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य से 26 प्रतिभाओं को 10 दिसम्बर को पंचशील आश्रम, झड़ोदा गांव बुराड़ी बाई पास दिल्ली 84 में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रदान किया गया जिसमें रायगढ़ शहर के दीनदयाल कोलोनी फेस 2, निवासी राम नंदन यादव को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पर्यावरण संरक्षण अवार्ड भगवान बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड प्रदान किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कर्तव्य निर्वहन के ....

बिग्रेड की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विपिन राज मिंज को लोकार्पण, भूमिपूजन हेतु आवश्यक व्यवस्था, खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह को कार्यक्रम स्थल पर आमजन के लिए स्वल्पाहार व्यवस्था, सहायक संचालक उद्यान आरके तोमर को मंच सहित समस्त स्थलों पर फूल-माला एवं बुके की व्यवस्था, मंच सजावट हेतु फूल-माला एवं गमलों की व्यवस्था, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश को रंगोली एवं मंच सज्जा, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग जशपुर एमके मिश्रा को समस्त स्थलों पर पेयजल, टेंकर की व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी दी गई है।

### सभी आवश्यक ...

आवश्यक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आम जन हेतु स्वल्पाहार व्यवस्था, मंच सहित समस्त स्थलों पर फूलमाला एवं बुके की व्यवस्था, रंगोली एवं मंच सज्जा, साफ सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यक्रम स्थल पर चलित शौचालय की व्यवस्था, फ्लेक्स प्रारूप का निर्धारण, मंच संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी के संबंध में सौंप गए विभाग प्रमुखों से जानकारी ली और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आरपी चौहान, सर्व एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### धर्म एवं मातृभूमि ...

महत्व को बतलाया। संस्था के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को इतनी कम उम्र में अपने धर्म एवं मातृभूमि तथा संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर बाबा जोरावर और बाबा फतेह से सदैव प्रेरणा लेते रहने की बात कही।छात्र-छात्राओं ने भी दिया उद्बोधन-इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी अपना उद्बोधन दिया जिसमें कु अंजू सिंह कर्मी सन्यासी, उर्मिला कुमारी रीमा सिंह और खुशबू भारती शामिल थी। प्राचार्य ने इन सभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय तिवारी ने किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र के प्राध्यापक जेआर भगत, रसायनशास्त्र के प्राध्यापक हरिकेश प्रजापति, कॉलेज के रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज, कंप्यूटर विभाग के नितेश गुप्ता सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### शास.नवीन ...

बाबा जोरावर और बाबा फतेह सिंह की तरह अपने आत्मसम्मान की रक्षा व देश के लिए बलिदान हेतु प्रेरित किए। महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्राध्यापक विपिन तिर्की द्वारा गुरु गोविन्द सिंह की जीवनी तथा उनके पुत्रों के बलिदान, खालसा पंथ की स्थापना तथा भारतीय इतिहास में सिक्खों के गुरु परम्परा और सिक्ख समाज के महान बलिदानी परम्परा पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। ततपश्चात प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान कुमारी सुनिमा पैंकरा बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान संजु निराला बीएससी प्रथम वर्ष, तथा तृतीय स्थान अनुज सोनी बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

## पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर की गई थी ठगी, अब वापस मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साइबर सेल की टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार हुये युवक के शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ति के खाते से गये 1.51 लाख रुपए होल्ड कराकर न्यायालय के माध्यम से पीड़ति को वापस कराया गया है। चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले अनिल माधवनी के साथ गत अगस्त माह में साइबर ठगों ने टेलीग्राम के माध्यम से पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर रुपए की ठगी किया गया था। आवेदक द्वारा समय रहते ऑनलाइन ठगी की शिकायत संबंधित थाना चक्रधरनगर एवं साइबर सेल जाकर किया गया। साइबर सेल के हेल्प डेस्क की टीम द्वारा आवेदक से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन साइट साइबर पुलिस पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड कर रूपयों को होल्ड कराया गया। थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा पीड़ति के आवेदन पर आवेदक के विभिन्न खातों को धारा 102 सीआरपीसी की कार्रवाई कर होल्ड किया गया। तदुपरांत आवेदक द्वारा न्यायालय में होल्ड रूपयों को वापस प्राप्त के लिए आवेदन दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ भास्कर मिश्र के न्यायालय से आवेदक प्रार्थी अनिल माधवनी के आवेदन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर तथा प्रभारी साइबर सेल से प्रतिवेदन की मांग कर जांच उपरांत आवेदक के विभिन्न बैंक खातों में हॉल कराए गए कुल राशि 1 लाख 51 हजार 784 रुपए को अनहोल्ड करने का आदेश जारी किया गया है।







